(i) **Printed Pages: 4** **Roll No. ...............................**

(ii) **Questions : 9** **Sub. Code : 0 3 0 8**

**Exam. Code : 0 0 0 4**

**B.A./B.Sc. (General) 4th Semester**

**1048**

**HINDI (Elective)**

**Paper : (Same for Shastri Semester-IV)**

**Time Allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 90**

नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) किन्हीं दो पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या करें :

(i) स्नेह भरा जलता है झिलमिल मेरा यह दीपक मत रे !
मेरे दृग के तारक में नव उत्पल का उन्मीलन रे !
धूप बने उड़ते रहते हैं प्रतिपल मेरे स्पन्दन रे !
प्रिय-प्रिय जपते अधर, ताल देता पलकों का नर्तन रे !

(ii) अनंतकाल से, अनंत दिशाओं में
तुम्हारे साथ चलती चली आ रही हूँ
चलती चली जाऊँगी
इस यात्रा का आदि न तो तुम्हें स्मरण है, न मुझे
और अंत तो इस यात्रा का है ही नहीं, मेरे सहयात्री !

(iii) यह महाशून्य का शिविर
असीम छा रहा ऊपर;
नीचे यह महामौन की सरिता
दिग्विहीन बहती है।

(iv) झंझा है दिग्भ्रांत रात की मूर्छा गहरी,
आज पुजारी बने, ज्योति का यह लघु प्रहरी
जब तक लौटे दिन की हलचल,
तब तक यह जागेगा प्रतिपल
रेखाओं में भर आभा-जल,
दूत सांझ का इसे प्रभाती तक जलने दो। 5+5=10

(ख) अज्ञेय का साहित्यिक परिचय दें।

अथवा

'कनुप्रिया' कविता का सार लिखें। 8

2. 'मेंड़ तोड़ दी' एकांकी के आधार पर भोला का चरित्र-चित्रण करें।

अथवा

'नए मेहमान' एकांकी के उद्देश्य पर प्रकाश डालें। 8

3. छायावाद की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

अथवा

नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालें। 10

4. एकांकी के भेदों का वर्णन करें।

अथवा

एकांकी के तत्वों का प्रतिपादन करें। 10

5. किन्हीं **पाँच** टिप्पणियों के हिन्दी रूप लिखिये :

(i) Approved as proposed.

(ii) Comply with the orders.

(iii) Draft Reply is put up.

(iv) For Perusal and Return.

(v) Keep Pending.

(vi) No action is necessary.

(vii) Kindly confirm.

(viii) Order may be issued. 10

6. निम्न गद्यांश का सार लिखते हुए उचित शीर्षक दीजिये :

देश के अंदर की व्यवस्था निस्संदेह बड़ी चिंताजनक है। अखबारों में हम करीबी रोज़ाना संगठित समूहों द्वारा की गई हिंसा, लूटमार और आगज़नी की घटनाओं के बारे में पढ़ते रहते हैं। इस तरह के काम और भी अधिक निन्दनीय हो जाते हैं जब छात्र विवेकहीन राजनेताओं के हाथ का खिलौना बन जाते हैं। हाल ही में हुई राष्ट्रीय एकता समिति की बैठक ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सामयिक और रचनात्मक निर्णय लिये हैं। उन निर्णयों को दबाने के लिये भारतीय दण्ड-संहिता में भी कुछ संशोधन प्रस्तावित हैं। 8

7. किसी एक विषय को विस्तार दें :

(i) पराधीन सपनेहुँ सुख नांहि

(ii) परोपकार

(iii) सत्संगति का महत्व। 8

8. सचिव, गृह मंत्रालय पंजाब सरकार की ओर से जिलाधीश, श्रीमुक्त सर साहिब को लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप तैयार करें जिसमें परीक्षा के दिनों में लाऊड स्पीकरों पर पाबंदी लगाने के सरकारी निर्णय की सूचना दी गई हो।

अथवा

कुल सचिव, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ की ओर से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को लिखे जाने वाले पत्र का प्रारूप बताएं जिसमें विश्वविद्यालय के 'युवा समारोह' में टीमें भेजने का अनुरोध किया गया हो। 8

9. किन्हीं दस वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें :

(i) प्रयोगवाद के प्रवर्त्तक कौन हैं ?

(ii) छायावाद के दो कवियों के नाम लिखिये।

(iii) भारतेन्दु युग की कालावधि का उल्लेख करें।

(iv) कौनसी काव्यधारा मार्क्सवाद से प्रभावित है ?

(v) 'सरस्वती' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(vi) 'संकलनत्तय' का अर्थ स्पष्ट करें।

(vii) 'मैत्री' एकांकी के लेखक का नाम लिखें।

(viii) भोला किस एकांकी का पात्र है ?

(ix) अज्ञेय की दो काव्य-रचनाओं के नाम लिखें।

(x) 'टूटा पहिया' किसका प्रतीक है ?

(xi) ऐसा तेरा लोक' कविता किस काव्य-संग्रह में संकलित है ?

(xii) 'कनुप्रिया' कविता के रचनाकार कौन हैं ?

(xiii) निराला का पूरा नाम लिखें।

(xiv) रामकुमार वर्मा के दो नाटकों के नाम लिखें।

(xv) नए मेहमान के दोनों अतिथियों के नाम क्या हैं ? 10